

## लायंस क्लब ने किया डॉक्टर्स का सम्मान



**बड़वानी।** हमारे समाज में डॉक्टर्स को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। डॉक्टर्स ही वो इंसान है, जिसे हर व्यक्ति कष्ट के समय याद करता है और डॉक्टर्स भी अपना काम ईमानदारी से कर मरीजों को नवजीवन देते हैं। लायंस क्लब ज़ोन चेयरपर्सन संतोष भावसार एवं कोषाध्यक्ष भरत रावल ने कहा कि कोरोनाकाल में जब लोग घर से बाहर निकलने से डर रहे थे, वहीं डॉक्टर्स अपनी जान पर खेलकर खुद को भी सुरक्षित रखते हुए कोरोना पीड़ित मरीजों का ईलाज कर रहे थे। जितेंद्र जैन ने बताया कि लायंस क्लब सदस्य प्रतिवर्ष डॉक्टर्स डे पर जिले में लंबे समय से सेवारत डॉक्टर्स को सम्मानित करते हैं। इस वर्ष भी डॉक्टर्स को मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया। महेशचंद्र शर्मा ने बताया कि सदस्यों ने पीड़ित मानव सेवा के लिए अपने कर्तव्य को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाने के लिए डॉक्टर्स को बधाई दी एवं भविष्य में भी इस सेवा को निरंतर जारी रखने के लिए शुभकामनाएं भी दी। राम जाट ने अपील कि है कि डॉक्टर्स अपना पूरा जीवन मरीजों के उपचार में लगाता है और लोगों को नया जीवन देता है। डॉक्टर्स की बहुमूल्य सेवा और भूमिका का हमारे जीवन में बड़ा महत्व होता है। इसलिए सभी लोग डॉक्टर्स का सम्मान करें।

## 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान आरम्भ

**बड़वानी।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता और सुलह अभियान का क्रियान्वयन होना है। इसके लिए नोडल अधिकारी के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार जैन को नियुक्त किया है। जिले के सभी न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। मध्यस्थता के लाभों में मध्यस्थता प्रणाली पूर्णतःगोपनीय है। विवाद का अविलम्ब शीघ्र समाधान समय व वर्ष की बचत। न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत। विवाद का हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान। समाधान पक्षों की सहमति को महत्व। मध्यस्थ वाले मामले में कोई अपील या संशोधन नहीं होता, विवाद का अंतिम रूप से निपटारा हो जाता है। मध्यस्थता में विवाद निपटाने पर, वादी कोर्ट फीस एक्ट 1870 की धारा–18 के तहत शुल्क वापिस लेने का हकदार होता है।

## दुष्कर्म के आरोपी को 7 वर्ष की जेल

**बड़वानी।** विशेष न्यायालय (पाक्सो) रेखा आर चन्द्रवंशी ने पारित अपने फैसले में नाबालिक पीड़िता का अपहरण करने के आरोप में आरोपी हर्षत थाना पानसेमल को धारा 366 भादंवि में 7 एवं 10 हजार रूपए जुर्माना एवं धारा 363 भादंवि में 3 वर्ष का कारावास एवं कुल 1 हजार रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन जिला दुष्यंतसिंह रावत ने की।

## कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत पर कलेक्टर ने लगाया रासुका

इंदौर. कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की गई है. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने यह सख्त कदम उठाते हुए रासुका के तहत निरुद्ध करने के आदेश जारी किए हैं. अनवर कादरी निवासी 44 सदर बाजार के खिलाफ इंदौर के विभिन्न थानों में अब तक 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.

# लाखों का डंपर 6 घंटे में बरामद

### ऑपरेशन हवालात के तहत एसपी के निर्देशन में पानसेमल पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**पानसेमल, ( नवभारत )।** एसपी जगदीश डावर के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में जिले में ऑपरेशन हवालात अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना पानसेमल पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। महज 6 घंटे में 30 लाख कीमत का चोरी गया डंपर बरामद कर तीन आरोपी आबिद पिता मोहम्मद गनी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम घरवासन जिला नूंह हरियाणा, सद्दाम हुसैन पिता तुंडल खान उम्र 33 वर्ष निवासी चौकी तह रायगढ़ जिला अलवर राजस्थान एवं मुजाहिद पिता ताहिर हुसैन को पकड़ा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून 2025 की रात लगभग 9 बजे फरियादी सुरेश पिता रेहमानजी काठात निवासी बाड़िया रायपुर राजस्थान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि डंपर आरजे–36–जीए–9849 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। वाहन की अनुमानित कीमत 30 लाख रूपए है। प्रकरण में पानसेमल थाने में मामला पंजीबद्ध कर तत्काल जांच प्रारंभ की गई। सर्विलांस एवं तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से डंपर की जीपीएस लोकेशन ट्रेस की गई। पानसेमल पुलिस ने कंट्रोल रूम बड़वानी को सूचित कर थाना पलसूद, सिलावद एवं पाटी थाने में नाकेबंदी कराई। सिलावद पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डंपर और तीनों आरोपियों को मौके पर ही हिरासत में लिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक मंशाराम वगेन थाना प्रभारी पानसेमल, सउनि धनेश्वर पाटील, प्रधान आरक्षक रूपसिंह मंडलोई, आरक्षक नवीन मेहता, महेंद्र प्रजापत, शिवराज का सहयोग रहा। पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन हवालात के तहत अपराधियों पर शिकंजा और आमजनों में सुरक्षा की भावना मजबूत होती जा रही है।

**डंपर की कीमत 30 लाख**

- वाहन की अनुमानित कीमत 30 लाख रूपए हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज तत्काल प्रारंभ की जांच।

# भगवान नेमीनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ का मोक्ष कल्याणक पर्व बुधवार को दिगम्बर जैन समाज द्वारा धूमधाम से धार्मिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजजन सुबह खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे। जहां भगवान के अभिषेक पाठ के साथ अभिषेक शांतिधारा संपन्न हुई।

समाजजनों ने भगवान के निर्वाण दिवस अषाढ़ शुक्ल सप्तमी को गुजरात स्थित गिरनार पर्वत से कठिन तप कर योग निरोध कर मोक्ष को प्राप्त किया था। समाज द्वारा निर्वाण काण्ड का वाचन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया। इसके बाद नित्य नियम की पुजन संपन्न हुई और नेमीनाथ विधान संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि बड़वानी दिगम्बर जैन मंदिर के मूल नायक भगवान नेमीनाथ ही है, जो लगभग 800 वर्ष प्राचीन प्रतिमा है। इस अवसर पर समाज के युवा बच्चे, महिला और पुरुष उपस्थित थे।



# सभी थाना क्षेत्रों में हुए जागरूकता कार्यक्रम

**बड़वानी,** (नवभारत)। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के लागू होने के 1 वर्ष पूर्ण होने पर एसपी जगदीश डावर के निर्देशन व एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों द्वारा स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मोहल्लों, कॉलोनी, बस्तियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर जन संवाद व जागरूकता कार्यक्रम किए गए।



जन संवाद में वरिष्ठ अधिकारियों, थाना प्रभारी एवं स्टॉफ ने बच्चों और नागरिकों को नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों तथा अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए तथा शराब नशे से होने वाले नुकसान के बारे में समझाईश दी। आमजनों की सुरक्षा व सहायता के लिए संचालित इकाइयों व हैल्पलाईन नंबर से अवगत कराया।

**एक नजर में** — सामाजिक कार्यकर्ता एवं एडवोकेट बीएल जैन ने समस्या को लेकर प्रधानमंत्री को प्रेषित किया पत्र

# बिजासन से सेंधवा मार्ग क्षतिग्रस्त

**नवभारत न्यूज़ सेंधवा**

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 3 जो मप्र से महाराष्ट्र को सीधे जोड़ता है। इस फोरलेन सड़क के प्रवेशद्वार बिजासन से खलघाट वाले हिस्से विशेष रूप से बिजासन से सेंधवा वाले हिस्से में मार्ग अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है। साईड शोल्डर भी कई जगह भरे हुए नहीं है। साथ ही मीडियन से पौधारोपण भी गायब है। इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय को शिकायत प्रेषित की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन ने समस्या को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय को ई–मेल से शिकायत प्रेषित करते हुए उन्हें अवगत कराया है कि उक्त मार्ग अनेक स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुका है। विशेष रूप से बिजासन से सेंधवा तक बड़े–बड़े गड्ढे हो चुके हैं। साथ ही पटरी के साईड के शोल्डर भी नहीं भरी होने से भारी आवागमन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसी तरह अनुबंध की शर्तों के मुताबिक कंसेष्नायर को फोरलेन सड़क के मध्य मीडियन में पौधारोपण करते हुए उसका नियमित रखरखाव करना चाहिए ताकि रात्रि के समय आवागमन में वाहनों के लाईट के कारण वाहन चालकों को परेशानी नहीं हो, लेकिन वर्तमान में हालात ये है कि सैकड़ों मीटर लंबे मीडियन मे पौधारोपण ही नहीं है। इसका मरम्मत कार्य प्रारम्भ नहीं कराया जा रहा है ना ही साईड शोल्डर भरे जा रहे हैं। बावजूद इसके परियोजना निदेशक इंदौर इस बदहाली के बाद भी खामोश है जैन ने कहा कि आम जनता को प्रत्येक किमी का पूरा टोल टेक्स चुकाने के बाद भी क्षतिग्रस्त एवं बदहाल फोरलेन मार्ग पर यात्रा करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। । अनुबंध की शर्तो के मुताबिक सड़क का सतत मरम्मत कार्य होना चाहिए, लेकिन स्पष्ट रूप से यहां ऐसा नहीं हो रहा है। प्रत्येक वाहन से कंसेष्नायर टोल की वसूली कर रहे हैं। खलघाट से बिजासन घाट के मध्य लगभग 80 किमी मार्ग पर बीओटी योजना के तहत फोरलेन सड़क का निर्माण कर सन 2011 से इस मार्ग से टोल की वसूली प्रारम्भ हुई है इसके पूर्व इस सड़क की हालत बेहद खस्ताहाल थी, हमेशा एक जुमला प्रचलित था कि मुम्बई याने महाराष्ट्र की ओर से जब आपको जान लेवा सड़क से गुजरना पड़े तो समझ लो कि आप मप्र में याने महाराष्ट्र और मप्र की सीमा बिजासन घाट में प्रवेश कर चुके है।

### कार्रवाई की मांग

टोल टैक्स चुकाने के बाद भी प्रतिदिन वाहन चालको को खराब सड़क पर यात्रा करने के लिये मजबुर होना पडता है। अतः इस मामले में तुरन्त कार्रवाई की मांग पत्र में की गई है।

# परीक्षा केंद्र से चोरी का चंद घंटों में पर्दाफाश

इंदौर. संयोगितागंज पुलिस ने एक परीक्षा केंद्र से कंप्यूटर उपकरण चोरी के मामले में महज कुछ घंटों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने दोनों आरोपियों से करीब 2.48 लाख मूल्य का माल भी जब्त किया है.

डीसीपी जोन–3 हंसराज सिंह व एडीसीपी रामसनेही मिश्रा के मार्गदर्शन और एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी सतीश कुमार पटेल व टीम ने त्वरित कार्रवाई की. 30 जून को चंदन रघुवंशी उम्र 37, निवासी पावनधाम कॉलोनी, निपानिया ने थाना संयोगितागंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मसीह कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, इंदौर में स्थित परीक्षा केंद्र से कई सीपीयू, मॉनिटर और हार्डडिस्क चोरी हो गए हैं.



# दलित मजदूर का शव रोकने पर अस्पताल में हंगामा

- सी–3 हॉस्पिटल पर एक लाख की वसूली का आरोप
- पुलिस पहुंची तो दिया शव



**इंदौर. अदालत और सरकार के स्पष्टनिर्देशों के बावजूद शहर के निजी अस्पतालों द्वारा बकाया राशि के नाम पर शवों को रोकने की घटनाएं थम नहीं रही हैं. एबी रोड स्थित सी–3 अस्पताल ने एक दलित मजदूर के शव को बकाया रकम के चलते दो दिनों तक रोके रखा. मामला तब तूल पकड़ गया जब बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दलित नेता अपने साथियों के साथ अस्पताल पहुंचे और घेराव कर शव को तत्काल परिजनों को सौंपने की मांग की.**

संजय गांधी नगर में रहने वाले जगदीश भालेराव नामक दलित मजदूर को हार्ट की बीमारी के चलते बीते पांच दिनों से अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने शव देने के एवज में परिजनों से एक लाख रुपए की मांग की. परिजनों के पास राशि नहीं होने पर शव दो दिन तक अस्पताल में ही रोके रखा. जब इस बात की सूचना दलित नेता मनोज परमार को मिली तो वे अपने साथियों के साथ सी–3 अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को कोर्ट के आदेश और सरकारी गाइडलाइन का हवाला देते हुए विरोध शुरू कर दिया. इस दौरान धरना, नारेबाजी और हंगामा भी हुआ. सूचना मिलने पर विजय नगर पुलिस भी मौके पर पहुंची. मामले में मनोज परमार का कहना है कि अस्पताल की यह कार्रवाई न केवल अमानवीय है, बल्कि कानून का भी उल्लंघन है. उन्होंने मौके पर पुलिस अधिकारियों से अस्पताल प्रबंधन पर शव को बंधक बनाने और वसूली की धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की मांग की. हंगामे के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया. इस दौरान परिजनों द्वारा जमा की गई 20 हजार रुपए की रकम भी परमार ने परिजनों को वापस दिलवाई. मामले दलित नेता मनोज परमार का कहना है कि कफन की कीमत भी अब बोली में तय होने लगी, अस्पताल की दीवारों पे इंसानियत रोने लगी.

## सड़क हादसे में घायल ज्वेलर की मौत

इंदौर. खातीपुरा क्षेत्र में बीते सप्ताह हुए एक सड़क हादसे में घायल हुए युवा ज्वेलर की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई. हादसा उस समय हुआ जब वॉटर सप्लाय करने वाले लोडिंग वाहन के हेल्पर ने चलते वाहन से अचानक गेट खोल दिया, जो एक्टिवा सवार ज्वेलर्स को सीधा टकरा गया था. टक्कर के बाद वे सड़क पर गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट लगी थी.

मृतक की पहचान 26 वर्षीय रजनीकांत पिता सदाशिव काटकर निवासी नंदानगर के रूप में हुई है. वह महाराष्टीयन ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाते थे. 26 जून की दोपहर वे ज्वेलरी रखने की डिब्बियां लेने रानीपुरा इलाके जा रहे थे, तभी खातीपुरा क्षेत्र में सामने से आ रहे लोडिंग वाहन नम्बर एमपी 09 एलआर 5962 के हेल्पर ने अचानक सड़क की दिशा में गेट खोल दिया, जिससे वह उसकी चपेट में आ गए. टक्कर लगते ही रजनीकांत एक्टिवा से संतुलन खो बैठे और गिरने के दौरान सड़क किनारे पड़े एक पत्थर से सिर टकरा गया. हादसे के बाद वाहन चालक और एक युवक उन्हें तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई. मेहनती और शांत स्वभाव के थे*–परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि रजनीकांत अपने माता–पिता, पत्नी और पांच साल की बेटी के साथ रहते थे. उनकी पत्नी इस समय गर्भवती है। बेटे की असमय मौत से परिवार में गहरा शोक है. भाई रमाकांत काटकर ने बताया कि रजनीकांत बेहद मेहनती और शांत स्वभाव के थे. उनकी असावधानी से हुई मौत ने पूरे परिवार को तोड़ दिया है. वहीं कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र पारासर का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है.

**परेशानी** — निम्न और मध्यम वर्ग को लोग परेशान

# सिलेबस बदलने से पालक नई किताबें खरीदने को मजबूर



**इंदौर. राज्य और केंद्र शासन का दोहरा रूप आज भी कायम है. शासन द्वारा एक तरफ शिक्षा को बढ़ावा देने और सहयोग के बड़े वादे किए जाते है वहीं दूसरी तरफ निजी स्कूलों द्वारा की जा रही खुली लूट पर जानबूझ कर नज़र अंदाज़ कर दिया जाता है. ऐसे में निम्न वर्ग को बच्चों की शिक्षा के लिए कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है.**

आम जनता और समाजसेवियों द्वारा लाख विरोध के बावजूद आज भी निजी स्कूल अपनी कमीशन खोरी बंद नहीं कर रहे. वही शासन–प्रशासन भी लापरवाह बन चुका है. शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है. स्टेशनरी की छोटी–बड़ी दुकानों पर पालकों की भीड़ भी बढ़ चुकी है और हमेशा की तरह इस बार भी बच्चों के सिलेबस इसलिए बदल दिए गए है ताकि बच्चे किसी दूसरे से सेकेंड हैंड कोर्स नहीं खरीद सकें और पालकों को नए सिलेबस को खरीदना मजबूरी बन जाता है. इसके चलते दुकानदार अच्छी खासी उगाई करता है, जिसका एक बड़ा हिस्सा स्कूल संचालकों को भी जाता है. यानी कुल मिलाकर पालकों की जेब पर डाका वर्ष भी डल रहा है. जबकि दो वर्ष पहले ही जिला कलेक्टर आशीष सिंह ने शिक्षा को लेकर कई आदेश दिए थे जो अब शासन और प्रशासन द्वारा खुद ही ठंडे बस्ते में रखवा दिए गए हैं.

### इनका कहना है . . .



अपने बच्चे को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए पालकगण हर मुमकिन कोशिशे और कुर्बानियां देते हैं. राज्य शासन को कठोर निर्णय लेते हुए शिक्षा में फैले भ्रष्टाचार को ख़त्म करना चाहिए. हर घर शिक्षित हो.

**– शादाब खान**



जहां शिक्षा पर जोर सिर्फ नारों में दिया जाता है वहीं जमीनी हकीकत तो यह है कि हर तरफ लूट खसूट मची है. कमीशन खोरी चरम पर है जिस पर कोई लगाम नहीं है.

**– सूरज माली**



उपभोक्ताओं के लिए पूरी तरह से यह छलावा है. हजारों रूपयों के कोर्स पूरी मोनोपोली वाले होते हैं, जो दूसरी स्टेशनरी शॉप पर नहीं मिलते. शासन सख्त नियम बनवाए और सख्ती से पालन करवाए.

**– चैन सिंह ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष जागरूक उपभोक्ता समिति**

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी / आरटीजीएस / बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक / नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित / निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(11-07-25): बरेली जेजे रोड GL; PCA3GOL12259719. बैतूल – श्रम कॉम्प्लेक्स; PCA4GOL11983043, 12039668, 12090270, 12235691. भोपाल–इमामी गेट रोड GL; PF46GOL11983109, 12024952, 12098574, 12180149, 12179339. भोपाल – इंद्रपुरी GL; PF49GOL11590534, 12056073, 12174282. (12-07-25): भोपाल करोड I; PJD2GOL11933140. भोपाल–मध्य प्रदेश नगर ज़ोन GL; PCA5GOL9173459, L9872010, 10213247, 12026342, 12194441. बीना – इटावा स्टेशन रोड GL; PCA6GOL11916722, 11912513, 12022252, 12065792, 12159685, 12153830, 12159103. छत्तरपुर; P568GOL12054184, 12052169, 12293001. छिंदवाड़ा लालबाग GL; PEQ1GOL12039808, 12097729, 12095351, 12176087. देवास एबी रोड GL; PGG2GOL12054694, 12117855, 12113581, 12199734, 12196745. (14-07-25): ग्वालियर डाबरा I; PKH4GOL12242856. ग्वालियर GL; PF25GOL11915375, 12077710, 12070445, 12067293, 12096097, 12090248, 12131630, 12153427, 12173468, 12231155, 12252219. ग्वालियर गोले का मंदिर I; PJD1GOL11620311, 11713577, 11812589, 11933457, 11982009, 12131340, 12168085, 12196303, 12219037. ग्वालियर मोरार I; PHF9GOL11815790, 11912000, 11933333. ग्वालियर विनय नगर GL; PEF2GOL11823395, 11816502, 11915617, 11914498, 11943502, 11958321, 12096412, 12139656, 12135869, 12179231, 12259885, 12295594. हर्दा सरदार वल्लभ भाई पटेल सर्कल GL; PCA8GOL12156118, 12157285, 12212357. (15-07-25) होशंगाबाद मीनाक्षी चौक GL; PCA9GOL11602000, 11880599, 11985713, 12074481, 12092496, 12193457. इंदौर अन्नपूर्णा रोड GL; PER2GOL11813866, 12099379. इंदौर विजय नगर GL; PGJ9GOL11970024, 12009582, 12010260. इटारसी GL; P03WGOL11821292, 11880418, 11892176, 11992467, 12149725, 12161291, 12171017, 12196627, 12216872, 12221976, 12263312. (16-07-25) गाडरवारा इंद्रा वार्ड I; PKA3GOL12097930, 12133967, 12171326, 12244354, 12244090. गंज बसौदा GL; P02WGOL12103082, 12102892, 12148848. गुना एबी रोड GL; PEH2GOL11834545, 11874195, 11877912, 11912632, 11911636, 11931170, 12049872, 12137035, 12213091. जबलपुर–दीनदयाल चौक GL; PEH4GOL12172913. खंडवा शिवाजी चौक GL; PCP1GOL11879254. खरगोन जवाहर मार्ग I; PJC9GOL11822688, 11836919, 12199449, 12198725, 12255327. (17-07-25)जबलपुर अशोका रोड GL; PG03GOL10054750, 10147396, 11930805, 11928026, 12010631, 12039448, 12076542, 12116716, 12156715, 12172977, 12259910. मुरैना–शिवनगर I; PJC8GOL11856728, 11964064, 11988683, 12071066, 12242421, 12274070. नरसिंहपुर BGL; P6Y8GOL12103200, 12178627, 12234185, 12291247. पोरसा BGL; P14PGOL11820366, 11970278, 12052130, 12175919, 12219348. (18-07-25) रीवा BGL; P4A7GOL11934463, 11987413, 12005052, 12073384, 12118023, 12192233, 12218422. सबलगढ़; P13PGOL5591433, L5744781. सतना रीवा रोड GL; PCP2GOL12079518, 12134028, 12151166, 12196371. (19-07-25) ग्वालियर सिटी सेंटर GL; PCA7GOL11134530, 11515324, 11556326, 11841640, 11929944, 12215454, 12270318. शहडोल BGL; P6E0GOL11900438, 11962134, 12113925. श्योपुर – शिवपुरी रोड; P38CGOL11916603, 12212721, 12290866. शिवपुरी – एबी रोड GL; PEH3GOL11816096, 11914213, 11932815, 11950286, 11990347, 12009578, 12010668, 12012527, 12027782, 12036417, 12053430, 12264122, 12296155.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**